पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

**डबल इन्जन सरकार–जा रही जनता के द्वार**

**ग्राम चौपालो (गांव की समस्या गांव मे समाधान) के माध्यम से किया जा रहा है ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान**

**ग्राम चौपालों में 05 लाख 34 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण**

**अब तक 01 लाख 52 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन**

**शुक्रवार को 1307 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन**

लखनऊ : 19 जुलाई, 2025

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या –गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।
उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उन्होंने निर्देश दिये है कि ग्राम चौपालो मे स्वयं सहायता समूहो की सदस्य महिलाये और सोशल आडिट कर्मचारी भी मौजूद रहें।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1307 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3332 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3122 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5670 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 64 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि लगभग 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। 01 लाख 52 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 98 लाख से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 05 लाख 34 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

**सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव**

राम यतन/07:50 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in